अमर उजाला 07/07/2025

जीएमएन कॉलेज के मनोविज्ञान के छात्रों का प्रशिक्षण शुरू

अंबाला सिटी के माइंड थेरेप्यूटिक्स में प्रशिक्षण के दौरान मौजूद छात्राएं। प्रवक्ता

संवाद न्यूज एजेंसी

डॉ. कुलदीप बोले- प्रशिक्षण कौशल के साथ मानसिक स्वास्थ्य के प्रति संवेदनशीलता भी बढ़ाएगा

अंबाला। माइंड थेरेप्यूटिक्स में स्नातक स्तर के जीएमएन कॉलेज के मनोविज्ञान के छात्रों का प्रशिक्षण रविवार से शुरू हो गया है। कार्यक्रम का संचालन प्रतिष्ठित मनोवैज्ञानिक डॉ कुलदीप सिंह के मार्गदर्शन में किया जा रहा है।

इस अवसर पर अंबाला के जिला मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डॉ राजिंदर राय ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। मनोवैज्ञानिक डॉ दीपशिखा ने बताया कि प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों को मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं, मनोवैज्ञानिक मूल्यांकन, परामर्श तकनीकों और नैदानिक अभ्यास की व्यावहारिक समझ प्रदान करना है।

डॉ कुलदीप सिंह ने कहा, आज के युवा मनोविज्ञान के क्षेत्र में गहरी रुचि रखते हैं। यह प्रशिक्षण उन्हें न केवल व्यावसायिक कौशल सिखाएगी, बल्कि मानसिक स्वास्थ्य के प्रति उनकी संवेदनशीलता भी बढ़ाएगी।